केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक को मिली पीएचडी की उपाधि

अलवर (का.सं.)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 मोती डूंगरी अलवर, के स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी) भूराराम बैरवा को राजस्थान

विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा उनके शोध प्रबंध मौलाना दाऊद कृत चंदायन में प्रेम व्यंजना, सौन्दर्य विधान और लोक दृष्टि पर पी एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. एल. आर .सैनी ने बताया कि उन्होंने अपना शोध कार्य प्रख्यात आलोचक व सौन्दर्यशास्त्री प्रो. डॉ.नन्द किशोर नीलम (विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग) बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर के निर्देशन में पूर्ण किया ।